## एक नजर में

आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

इंदौर. बेरोजगारी से परेशान एक युवक ने आत्महत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर जान देने की कोशिश की, लेकिन पत्नी की सूझबूझ और



खजराना पुलिस की तुरंत कार्रवाई ने उसकी जान बचा ली. खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि सोमवार को आरती गुप्ता ने सूचना दी कि उनके पति आकाश गुप्ता पिता रामगोपाल घर से लापता हैं. खोजबीन के दौरान पता चला कि आकाश ने आत्महत्या करने का वीडियो वायरल किया है. मामला गंभीर देखते हुए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल गौतम ने तत्काल टीम गठित कर खोज शुरू की. पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, आसपास के लोगों से पूछताछ की और लगातार सूचना संकलित करते हुए कुछ ही घंटों में आकाश को ढूंढ निकाला. मौके पर उसकी काउंसलिंग कर सकुशल परिवार के सुपुर्द कर दिया. डीसीपी हंसराज सिंह, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह और एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई के निर्देशों के तहत इस संवेदनशील कार्रवाई को अंजाम दिया गया. इसमें अनिल गौतम, उपनिरीक्षक संदीप पटेल, प्रधान आरक्षक नरेश और आरक्षक जबर सिंह की सराहनीय भूमिका रही.

### तिरंगे से बनाई भारत के नक़्शे की आकृति



महू. शासन द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुरूप 15 अगस्त के शुभअवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत् विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के लिए निशिकान्त शुक्ला, सी.एम.ओ. नगर पालिका पीथमपुर द्वारा निकाय के अधिकारीयो, कर्मचारीयो को निर्देशित किया गया. बस स्टॅण्ड झोन पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत् बाईक रैली का आयोजन किया गया, इसी कडी में बस स्टेण्ड झोन पर स्कुली बच्चो द्वारा भारत के नक्शे की आकृति बनाई गई. छत्रछाया झोन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पप्पु असोलिया, पार्षद प्रतिनिध महेश पथरिया एंव झोन कर्मचारियो सहित बडी संख्या में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया. इसी प्रकार बगदुन झोन में झोन प्रभारी धर्मेन्द्र गुप्ता, द्वारा बगदुन में तिरंगा रैली का आयोजन एवं सागौर में बडी संख्या में बाईक रैली का आयोजन किया गया तथा धन्नड झोन व डाकबंगला झोन पर भी तिरंगा रैली का आयोजन किया गया. शासन द्वारा तीन चरणो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्देश दिये गये है. इसी क्रम में नगर पालिका पीथमपुर द्वारा प्रतिदिन हर घर तिरंगा अभियान के तहत् विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे है. निकाय के आठो झोनो पर झण्डा विक्रय सेन्टर भी बनाये गये है. जहाँ से आम नागरिको को सशुल्क झण्डो का विक्रय भी किया जा रहा है. उक्त जानकारी पीथमपुर नगर अधीक्षक विजय अहीर ने दी है.

### केंद्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा



महू. नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार ने भेंट की. इंदौर ज़िले की महू तहसील में प्रस्तावित पूर्वी रिंग रोड एवं इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना के कारण उपजाऊ कृषि भूमि के अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की समस्याओं को उनके संज्ञान में लाया. सांसद ने मांग की कि रिंग रोड का मार्ग उपजाऊ भूमि से हटाकर वैकल्पिक क्षेत्रों से निकाला जाए तथा भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों को भू-अधिग्रहण अधिनियम, 2013 के अनुसार वर्तमान बाजार मूल्य का चार गुना मुआवज़ा प्रदान किया जाए. मंत्री ने ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया.

### एक शाम राष्ट्र के नाम कल

महू. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर महू में एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यकम शाम 7 बजे से स्थानीय चोपड़ा वाटिका में आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में भारत माता पूजन, सैनिक सम्मान, विभिन्न स्कूलों के 200 बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर समूह नृत्य, प्रोफेशनल कलाकारों के डांस, लघु नाट्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित रहेंगे. सभी 200 बच्चों को उपहार भी वितरित किया जाएगा. यह आयोजन सिंग फॉर ए कॉज फाउंडेशन, रोटरी क्लब, भूतपूर्व सैनिक संगठन और रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, जिसमें महू की सभी सामाजिक संस्थाएं सहभागिता करेंगी. कार्यकम में शैलेन्द्र शुक्ला, डा अनुपम श्रीवास्तव, रमेश राही, मनीष श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, संगीत माहेश्वरी, राजेश पाटीदार, डा लक्की खंडेलवाल, डॉ आनंद चौरसिया, शिल्पी शुक्ला, अनिल नरवल, आशीष जैन, शशांक जैन आदि सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा.

# प्रेम प्रसंग के चलते हुआ दोहरा हत्याकांड

- पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में किया गिरफ्तार
- पत्नी और उसके कथित प्रेमी को उतारा था मौत के घाट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रेम प्रसंग के विवाद ने एक ही दिन में दो जिंदगियां छीन लीं. भाटखेड़ी थाना किशनगंज इलाके में एक युवक ने पत्नी और उसके कथित प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी. वारदात के कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.**



श्रीनाथ कॉलोनी भाटखेड़ी निवासी संदीप पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम करीब छह बजे संजय भुरिया ने फोन कर बताया मैंने महेश निगम को मार डाला और अपनी पत्नी लक्ष्मी को भी खत्म कर दिया है, संदीप जब श्रीनाथ हिल्स कॉलोनी स्थित संजय की टापरी पर पहुंचा तो वहां महेश का शव पड़ा मिला, जबकि लक्ष्मी वहां नहीं थी. प्रकरण की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और आरोपी की तलाश में टीम गठित की. कुछ ही समय में संजय भुरिया को हिरासत में ले लिया. पूछताछ में उसने कबूला कि उसकी पत्नी लक्ष्मी और महेश के अवैध संबंध थे. दोनों को साथ देखकर वह आपा खो बैठा और लकड़ी की बल्लियों से हमला कर महेश की मौके पर ही हत्या कर दी. संजय ने बताया कि वारदात के बाद वह पत्नी लक्ष्मी को महेश की बाइक पर बैठाकर महेश्वर ले जा रहा था. रास्ते में साली मधु भोंडिया तालाब के पास मिली, जिसे भी बाइक पर बैठा लिया. मधु पत्नी को पकड़े बैठी थी, लेकिन सिर पर चोट और ज्यादा खून बहने से लक्ष्मी की हालत बिगड़ गई. घबराकर संजय ने मानपुर घाट के नीचे उसे छोड़ दिया, जहां उसकी मौत हो गई. लक्ष्मी की मौत का मर्ग थाना धामनोद में दर्ज किया. पुलिस ने आरोपी से हत्या में उपयोग लकड़ी की बल्लियां बरामद कर ली हैं और उसे न्यायालय महू में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है.

# पत्नी और प्रेमी की हत्या के बाद मिस्त्री ने किया सरेंडर

## पुलिस कर रही पूछताछ

नव भारत न्यूज

**इंदौर. किशनगंज थाना क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई. यहां एक मिस्त्री ने पहले पत्नी के प्रेमी की हत्या की, फिर पत्नी को धामनोद इलाके में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया. वारदात के बाद आरोपी ने महेश्वर थाने पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.**

आरोपी संजय भूरिया, श्रीनाथ हिल्स कॉलोनी में मकान निर्माण का काम करता था और साइट के पास बनी टापरी में रहता था. यहीं उसने पत्नी के प्रेमी महेश निगम निवासी गंधवानी, जिला धार की हत्या की. इसके बाद पत्नी लक्ष्मी को पीटते हुए धामनोद के गुजरी इलाके में ले गया और वहां उसकी हत्या कर शव को भट्टे के पास फेंक दिया. शुरुआती जांच में सामने आया कि संजय की पत्नी लक्ष्मी के महेश से प्रेम संबंध थे. इस पर संजय ने हत्या की योजना बनाई. पहले टापरी में महेश की हत्या की, फिर पत्नी को मारते-पीटते हुए धामनोद ले जाकर उसकी भी जान ले ली. महेश की हत्या के बाद संजय ने अपने ठेकेदार को फोन कर बताया मैंने महेश निगम को मार डाला और अपनी पत्नी लक्ष्मी को भी खत्म कर दिया है. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे और आरोपी को किशनगंज पुलिस के हवाले कर आगे की पूछताछ शुरू की.

# हत्या व हवाई फायरिंग के आरोपियों को दबोचने वाले चार पुलिसकर्मी सम्मानित

## पुलिस कमिश्नर ने दिया प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. तुरंत कार्रवाई और साहसिक कदम उठाकर हत्या के आरोपियों व हवाई फायरिंग कर फरार होने वालों को पकड़ने वाले चार पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया. पुलिस कमिश्नर ने पलासिया स्थित कार्यालय में उन्हें प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सराहना की.**





कमिश्नरेट इंदौर में बेहतर पुलिसिंग के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक सम्मान कार्यक्रम शुरू किया है. इसके तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया. पुरस्कृत पुलिसकर्मियों में उप निरीक्षक श्रद्धा पंवार और सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह थाना विजय नगर को हत्या के प्रकरण के आरोपियों को तुरंत कार्रवाई कर पकड़ने के लिए सम्मानित किया. वहीं, आरक्षक मुकेश मारू और आरक्षक शिवकुमार विश्वकर्मा थाना गांधीनगर को चंदन नगर क्षेत्र में घटना के बाद हवाई फायर कर कार से भागने वाले आरोपियों को रोककर गिरफ्तार करने और अवैध हथियार बरामद करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान मिला. इस अवसर पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के साहस और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया.

# रिटायर्ड जस्टिस के घर बेखौफ वारदात

- 4 मिनट 11 सेकंड में कैश जेवर साफ
- सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए आरोपी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रगति पार्क कॉलोनी में रिटायर्ड जस्टिस रमेश गर्ग के घर तड़के रविवार को बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया. सुबह करीब 4:30 बजे तीन नकाबपोश बदमाश खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे, अलमारी तोड़ी और लाखों रुपए के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए. पूरी वारदात महज 4 मिनट 11 सेकेंड में पूरी हुई और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.**




बदमाश जस्टिस गर्ग के बेटे ऋत्विक के बेडरूम में घुसे. उस समय ऋत्विक की पत्नी और बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे. एक बदमाश अलमारी तोड़ने में जुटा रहा, दूसरा ऋत्विक पर डंडा ताने खड़ा था, जबकि तीसरा मदद करता रहा. पहले बदमाश से अलमारी का ताला नहीं टूटा तो दूसरे ने टॉमी ली और कुछ ही सेकंड में दरवाजा उखाड़ दिया. इसके बाद वे जेवर और नकदी समेटकर भाग निकले. सुबह जब ऋत्विक की पत्नी उठीं तो कमरे का हाल अस्त-व्यस्त और अलमारी खुली मिली. जांच में सामने आया कि घर में गार्ड मौजूद होने के बावजूद बदमाशों ने ग्रिल काटकर प्रवेश किया था. उनके पास लट्ठ, टॉमी और अन्य औजार थे. घटना की सूचना पर ग्रामीण एएसपी रूपेश द्विवेदी, डीएसपी मुख्यालय उमाकांत चौधरी, एफएसएल टीम और स्निफर डॉग मौके पर पहुंचे. बदमाशों ने दस्ताने पहने होने से पुलिस को फिंगरप्रिंट नहीं मिले. मामले में एएसपी का कहना है कि फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# लिस्टेड बदमाशों की तिकड़ी लूट और झपटमारी में गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कम्पेल पुलिस चौकी, थाना खुड़ैल की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लूट व झपटमारी में शामिल तीन लिस्टेड बदमाशों को दबोच लिया. आरोपी दो माह पूर्व चोरी की गई अपाचे मोटरसाइकिल से वारदात को अंजाम दे रहे थे. पुलिस ने आरोपियों से लूटे गए मोबाइल, नगदी, चोरी की बाइक और दो धारदार चाकू बरामद किए हैं.**



थाना प्रभारी खुडेल कर्णिसिंह शक्तावत ने बताया कि घटना 10 अगस्त की रात करीब 8 बजे ग्राम पेडमी में बिजली के खंभे के पास बातचीत कर रहे दो युवकों के पास अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंचे. उन्होंने चाकू दिखाकर मोबाइल और नगदी लूटी और इंदौर की ओर भाग निकले. फरियादी की शिकायत पर कम्पेल पुलिस चौकी प्रभारी सत्येंद्र सिंह सिसौदिया ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनी एक विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और मिले सुरागों के आधार पर आरोपियों को पकड़ा. गिरफ्तार बदमाशों की पहचान वसीम उर्फ लाला उर्फ गाडर उर्फ रिजवान 25, मोहसीन उर्फ मोसिन 20 और जावेद 19 सभी निवासी इंदौर के रूप में हुई. पूछताछ में आरोपियों ने न सिर्फ पेडमी लूट बल्कि दो माह पूर्व मुहाडा घाट क्षेत्र से अपाचे बाइक चोरी और अरण्ड्या ब्रिज के पास एक और मोबाइल झपटने का जुर्म कबूल किया. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी इंदौर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हत्या का प्रयास, डकैती की तैयारी, लूट, चोरी, चाकूबाजी और मारपीट जैसे कई संगीन मामलों में पहले से लिप्त हैं. वर्तमान में उनसे अन्य मामलों में भी पूछताछ जारी है.

# तीन युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- परदेशीपुरा और राजेन्द्र नगर क्षेत्र में हुई घटना

**इंदौर.** शहर में आत्महत्या की तीन अलग-अलग घटनाओं ने सनसनी फैला दी. परदेशीपुरा और राजेंद्र नगर थाना क्षेत्रों में हुई इन वारदातों में तीनों युवक घर पर अकेले थे और किसी ने भी सुसाइड नोट नहीं छोड़ा. पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है.

पहली घटना परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदानगर की है, जहां 35 वर्षीय सूरज जादव ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी. देर रात करीब सूरज के पिता के लौटने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला. खिड़की से झांकने पर सूरज फंदे पर लटका मिला. सूरज सिलाई का काम करता था और अविवाहित था. परिजन ने पुलिस को बताया कि उसने कभी तनाव या कर्ज की बात नहीं की, पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है. इसी तरह दूसरी घटना परदेशीपुरा क्षेत्र के शीलनाथ कैंप में हुई. यहां रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करने वाले 18 वर्षीय गोलू शाक्यवार ने फांसी लगा ली. मां के बाजार से लौटने पर घटना का पता चला. गोलू को लेकर उसके दोस्तों ने अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. गोलू के पिता नहीं हैं और परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं. वहीं तीसरी घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के बुद्ध नगर में हुई. यहां 35 वर्षीय सुरेश पाटिल, जो किसी निजी संस्था में कार्यरत थे, ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय वे घर पर अकेले थे.


## एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

SMFG Grihashakti Nayi Asha. Naya Vishwas.

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
**पंजीकृत कार्यालय:** कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

### अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

जबकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता **एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी** होने के नाते एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी [राष्ट्रीय आवास बैंक (आरबीआई के पूर्ण स्वामित्व में) के साथ विधिवत पंजीकृत] (जिसे आगे "एसएमएचएफसी" के रूप में संदर्भित किया गया है) वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांकित मांग नोटिस जारी किया है जिसमें आप उधारकताओं (नीचे उल्लिखित नाम) से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से **60 दिनों** के भीतर उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज चुकाने के लिए कहा गया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से कोई भी लेन-देन **"एसएमएचएफसी"** के प्रभार के अधीन होगा, जो कि नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के रूप में होगा।

| स. क्रं. | उधारकर्ता (एस)/ गारंटर (एस) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | डिमांड नोटिस दिनांक और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन:- 601639211321383 1. प्रियंका तिवारी 2. यशवंत तिवारी | प्लॉट संख्या 65 के मकान का वह पूरा टुकड़ा (मध्य का भाग) - सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी संस्था (सर्वोदय नगर) (वार्ड संख्या 22 क्रमांक 524) (पुराना वार्ड संख्या 13 पुराना क्रमांक 434) देवास कनिष्ठ जिला देवास (मध्य प्रदेश) 455001 प्रवेश 50.76 वर्ग मीटर पूर्व की ओर घिरा - इस प्लॉट का शेष भाग देवेश चौहान के मकान पर, पश्चिम में इस प्लॉट का शेष भाग करण पवार के मकान पर, उत्तर कॉलोनी रोड, दक्षिण में प्लॉट संख्या 60। | 14.05.2025 ₹15,94,847.06 (रुपये पंद्रह लाख चौरानवे हजार आठ सौ सैंतालीस और छह पैसे मात्र) 10.05.2025 तक | 07.08.2025 |
| 1 | लैन:- 601707510224158 1. चांद मोहम्मद 2. आरेफा बी 3. साबिर हुसैन 4. नसीम ट्रेडर्स | प्लॉट संख्या 5/1986 नई संख्या 22 के दक्षिण भाग का वह पूरा टुकड़ा मोहल्ला महावीर मार्ग, नयापुरा उज्जैन मध्य प्रदेश में स्थित है। 456001 कुल प्रशासनिक क्षेत्रफल 81.12 वर्ग मीटर, पूर्व में - पंचूलाल का मकान, पश्चिम में श्री रोडमल बापूलाल और श्री हसतिमल व अन्य का मकान, उत्तर में - विक्रेता के मकान का शेष भाग, दक्षिण में - सरकारी लेन। | 14.05.2025 रु. 11,68,527.78 (रुपये ग्यारह लाख अड़सठ हजार पाँच सौ सत्ताईस और अठहत्तर पैसे मात्र) 10.05.2025 तक | 09.08.2025 |

स्थान : देवास, उज्जैन, मध्यप्रदेश
दिनांक : 07.08.2025/09.08.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।


## खजूरी बाजार में किताब दुकान में आग

### फायर ब्रिगेड ने समय रहते बुझाई

इंदौर. खजूरी बाजार में बीती रात एक किताब की दुकान में अचानक आग लग गई. घटना जय हिंद ट्रेडिंग कंपनी में हुई, जहां बिजली केबल और मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी. फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया. रात करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिलने पर मोती तबेला फायर स्टेशन से एसआई शिवनारायण शर्मा की टीम दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची. वहां बिजली तार में शॉर्ट सर्किट के कारण केबल वायर और मीटर जल चुके थे. टीम ने 500 लीटर पानी डालकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से चार दुकानें, जिनमें किताब और राखी की दुकानें शामिल थीं, जलकर राख हो गई थीं. लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से व्यापारी चिंतित हैं.

एक नजर में — मामला वार्ड 67 की बालदा कॉलोनी

# नलों में नहीं आ रहा पानी, रहवासी हो रहे परेशान



**इंदौर. कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि शहर में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है. वहीं दूसरी तरफ निगम के जिम्मेदारों की सुस्ती नहीं टूट रही. न ही भविष्य के लिए कोई नीति बनाई गई है.महू नाका क्षेत्र में आने वाला वार्ड क्रमांक 67 में भी पानी की किल्लत का एक मामला सामने है. वार्ड की बालदा कॉलोनी, जहां अधिकांश मजदूर और निम्न लोग बसर करते हैं. क्षेत्र में जन सुविधाओं का भी बड़ा अभाव देखा गया है.**

अगर बात करें पानी की तो बालदा कॉलोनी में दरगाह वाली गली के रहवासियों के साथ बात की पता चला कि क्षेत्र में पानी की किल्लत बहुत ज्यादा बढ़ रही है. क्षेत्र में पहले भी नर्मदा लाइन को डाला गया था जो विफल रही. कुछ समय बाद क्षेत्र में दोबारा नर्मदा पानी की नई लाइन डाली गई लेकिन वहां भी सफल नहीं हो पाई. न तो लोगों को पुरानी लाइन से पानी मिल पाया और न ही नई लाइन से प्रयोग पानी मिला. इसके अलावा जो उनके हिस्से में पानी पहुंच रहा है वहां पूरी तरह से दूषित है. सैकड़ों बार शिकायत करने के बावजूद क्षेत्र में पानी की किल्लत निराकरण नहीं हो पा रहा.

### इनका कहना है...



न तो नल आते हैं और न ही समस्या को हल करने वाले जिम्मेदार इधर दिखाई देते हैं. बोरिंग का पानी आता है वह भी एक दिन छोड़कर. इस पर सभी निर्भर है.

- रेखा यादव



कहीं पानी आता है तो वह भी आधा बाल्टी ही आता है. वह पानी भी इतना गंदा होता है कि फेंकना पड़ता है. नलों में मोटर भी लगा दो तो पानी नहीं आता.


- गुंजा बाई



क्षेत्र में नर्मदा पानी लाइन डाली गई है लेकिन उसमें कभी पानी नहीं आया. हमें इधर-उधर जाकर पानी लेने जाना पड़ता है. यहां एक काम बढ़ गया है कि बस पानी ढूंढते रहो.

- शिखा साहू

**जल्द निराकरण करवाएंगे**



शिकायत मुझे मिल चुकी है. जब मैंने इसकी पड़ताल की तो मुझे पता चला कि पानी की टंकी पूरी भर नहीं पा रही है, जिसकी वजह से कम प्रेशर के कारण क्षेत्र में पानी नहीं पहुंच रहा. मैं पूरे प्रयास करूंगी कि लोगों की इस समस्या का निराकरण जल्दी हो.

- प्रिया डांगी, पार्षद